Statement

District-wise break-up of the Kendriya Vidyalayas in U.P.

Sl. No.	District	No. of K.Vs.	Sl. No.	District	No. of K.Vs.
1.	Agra	04	2.	Allahabad	07
3.	Azamgarh	01	4.	Almora	02
5.	Bareilly	06	6.	Bulandshahar	01
7.	Ballia	01	8.	Basti	01
9.	Chamoli	01	10.	Dehradun	15
11.	Etawah	01	12.	Faizabad	01
13.	Fatehgarh	01	14.	Ghaziabad	08
15.	Gorakhpur	01	16.	Ghazipur	01
17.	Gonda.	02	18.	Hardwar	02
19.	Jhansi.	05	20.	Kanpur.	09
21.	Lucknow	08	22.	Mathura	03
23.	Meerut	04	24.	Mirzapur	02
25.	Moradabad	01	26.	Mau	01
27.	Nainital	05	28.	Pauri Garhwal	02
29.	Pithoragarh	01	30.	Rampur	01
31.	Rae-Bareli	02	32.	Roorkee	01
33.	Saharanpur	01	34.	Shahjahanpur	02
35.	Sitapur	01	36.	Sultanpur	02
37.	Sonbhadra	02	38.	Tehri Garhwal	01
39.	Uttarkashi	01	40.	Unnao.	01
41.	Varanas	04		TOTAL	116

जामिया हमदर्द का विस्तार और आधुनिकीकरण

1646. **मौलाना अबेदुल्ला खान आजमी :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जामिया हमदर्द के विकास, विस्तार और आधुनिकीकरण के लिये सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं ;

(ख) वर्तमान में उनको सरकार द्वारा कितनी धनराशि प्रदान की जा रही है ; और

(ग) उसमें पढ़ाये जाने वाले पाठ्यक्रमों के नाम क्या हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भेजी

गई सूचनानसार, आयोग जामिया हमदर्द को इसके विद्यमान विभागों के सुदृढ़ीकरण एवं विकास के लिए अनुदान प्रदान करता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने जामिया हमदर्द को इसके विद्यमान विभागों के सुदृढ़ीकरण एवं विकास के लिए 8वां योजना के दौरान निम्नलिखित अनुदान नियत किये हैं :—

(i)	गैर-इंजीनियरी एवं गैर प्रौद्योगिकी विभाग	130.00 लाख रु०
(ii)	इंजीनियरी एवं प्रौद्योगिकी विभाग	90.00 लाख रु०
(iii)	योजनागत पद	100.00 लाख रु०

यह 1989-90 से जामिया हमदर्द को 25 (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का अंश) : 75 (हमदर्द न्यास, दिल्ली प्रशासन एवं आंतरिक संसाधन का अंश) के आधार पर अनुरक्षण अनुदान प्रदान कर रहा है।

आयोग संगणक केन्द्र के लिए बुनियादी सुविधाओं के विकास हेतु भी वास्तविक लागत के अधीन 7.50 से 10.00 लाख रु० तक का अनुदान प्रदान करने के लिए सहमत हो गया है।

(ग) जामिया हमदर्द में निम्नलिखित पाठ्यक्रम चलाये जा रहे हैं :—

1. वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव-रसायन; आविषालुता विज्ञान, औषधीय रसायन, औषध-निर्माण विज्ञान फार्माकोगनोसी में पादप रसायन तथा इस्लामी अध्ययन में पी०एच०डी०

2. जीव-रसायन, पर्यावरण संबंधी वनस्पति विज्ञान, आविषालता-विज्ञान में एम०एस०सी०

3. इल्मुल अदविया एवं मुआलिजात में एम०डी०

4. औषधीय रसायन, औषध निर्माण विज्ञान, औषध विज्ञान, फार्माकोगनोसी तथा पादप रसायन में भेषजी निष्णात (एम० फार्म)

5. भेषजी-स्नातक (बी० फार्म)

6. नर्सिंग में बी०एस०सी०,

7. बी०यू०एम०सी० (यूनानी कार्य चिकित्सा एवं शल्यचिकित्सा स्नातक)

8. औषध विज्ञान में डिप्लोमा

9. नर्सिंग में डिप्लोम,

10. प्री० तिब्ब० (यूनानी)

नवोदय विद्यालय के छात्रों का अचानक बीमार पड़ जाना

1647. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**
श्री अनन्त राम जायसवाल :

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के कटेवड़ा गांव स्थित नवोदय विद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएं अचानक बीमार पड़ गये उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया ;

(ख) यदि हां, तो ऐसे बीमार छात्र-छात्राओं की संख्या कितनी है और क्या सरकार ने उनके अचानक बीमार हो जाने के कारणों का पता लगाने के लिये कोई जांच करायी है और क्या तदनुसार कोई कार्यवाही की गई है ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) नवोदय विद्यालय समिति द्वारा दी गई सूचना के अनुसार दिनांक 15 जुलाई, 1994 को